## Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# हेली सेवा से उपचार के लिए जल्द एम्स लाने में होगी सुविधा

**उद्घाटन**

■9 मिनट में एम्बुलेंस से ट्रामा सेंटर तक पहुंचने की व्यवस्था रहेगी

## मुख्यमंत्री ने (एम्स) ऋषिकेश के नव निर्मित हेलीपैड का उद्घाटन किया



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मंगलवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश के नव निर्मित हेलीपैड का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि एम्स ऋषिकेश परिसर में हेलीपैड बनने से गंभीर रोगियों एवं दुर्घटना होने पर घायलों को हेली सेवा से अस्पताल लाने में सुविधा होगी। एम्स ऋषिकेष में इसके लिए प्रशिक्षण भी दिया गया है। हेली से उतरने के बाद मरीज को मात्र 09 मिनट में एम्बुलेंस से ट्रामा सेंटर तक पहुंचने की व्यवस्था रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्वतीय राज्य होने के कारण उत्तराखण्ड की भौगोलिक परिस्थितियां अलग है। अतिवृष्टि होने पर राज्य में आपदायें अधिक होती हैं। पहाड़ी टेरिन होने से दुर्घटनाएं भी अधिक होती है। दुर्घटना होने पर लोगों को हेली सेवा से उपचार के लिए जल्द एम्स लाने में सुविधा होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 03 सालों में प्रदेश में 100 से अधिक लोगों की जान हेली सेवा से सीधे अस्पतालों में लाकर बचाई गई। इसके लिए सरकारी हेलीकॉप्टर एवं किराये पर हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की। उन्होंने कहा कि एम्स ऋषिकेश देश का पहला ऐसा संस्थान है, जहां परिसर के अन्दर हेलीपैड की सुविधा है। मुख्यमंत्री ने एम्स के डॉक्टरों को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना काल में सीनियर डॉक्टर कोरोना के मरीजों का विशेष ध्यान रखें। जिस तरह कोरोना अपना स्वरूप बदल रहा है, यह चिन्ता का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रशासन, पुलिस एवं डॉक्टरों के आपसी तालमेल से समस्याओं का समाधान आसानी से किया जा सकता है। कोरोना काल में आशा, आंगनबाड़ी, नर्स एवं डॉक्टर और स्वच्छता कर्मचारी जो ग्राउण्ड लेबल पर कार्य कर रहे हैं, वे जनता के लिए देवदूत के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मरीजों को परीक्षण के साथ ही मनोवैज्ञानिक तरीके से भी मजबूत रखना जरूरी है।एम्स ऋषिकेश की पहुंच दुर्गम स्थानों के मराजों तक होनी चाहिए। सेवा सार्थक तभी होती है, जब सेवा गरीबों तक पहुंचे।

इस अवसर पर एम्स ऋषिकेश के डॉक्टरों ने हेलीसेवा से मरीज को लाने एवं एम्बुलेंस से ट्रामा सेंटर तक ले जाने की प्रक्रिया का मॉक ड्रिल भी किया। एम्स हेलीपैड के उद्घाटन के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचन्द अग्रवाल, मेयर ऋषिकेश श्रीमती अनिता ममगाई, एम्स के निदेशक प्रो. रविकान्त, मुख्यमंत्री के उड्डयन सलाहकार दीप श्रीवास्तव, तकनीकि सलाहकार डॉ. नरेन्द्र सिंह, एम्स के डॉ. मनोज गुप्ता, डॉ. यू.बी. मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने लगाया त्रिवेन्द्र सरकार पर आरोप

**संवाददाता** पिथौरागढ़। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने सीमांत तहसील क्षेत्र बंगापानी के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के प्रभावितों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुएं। पूर्व सीएम ने कहा कि इतनी बड़ी सीमांत तहसील में आपदा की घटना होने के बाद भी राज्य के मुख्यमंत्री पीड़ितों का हाल चाल पूछने अब तक सीमांत में नही आये। ये सबसे बडा र्दुभाग्य का विषय है। उन्होंने राज्य की त्रिवेन्द्र सरकार पर सीमांत मुसयारी व धारचूला के आपदा प्रभावितों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। उन्होने कहा कि सीमांत में इतनी बड़ी आपदा होने के बाद भी राज्य के मुखिया चैन की नीद सोये हुए है। क्षेत्र के आपदा प्रभावित भय में रात बिताने को मजबूर हो रहे है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने सीमांत क्षेत्र के पीड़ितों को हर संभव अपने प्रयासों से राज्य सरकार पर दबाव बनाने के साथ पीड़ितों को न्याय दिलाने का भरोसा भी दिलाया। दस दोरान उनके साथ राज्य सभासांसद प्रदीप टम्टा भी मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने सुनी पीड़ितों की समस्यायें

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिलाधिकारी डा. विजय कुमार जोगदडे ने बंगापानी में पहुंचकर सीमांत के आपदा प्रभावितों की समस्याओं को सुना। उन्होंने मौके पर कई समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने प्रभावितों को तत्काल मुआवजा भी वितरण किया। लुम्ती बगीचाबगड मोरी गांव में पहुंचे जिलाधिकारी को वहां के प्रभावितों ने पेयजल व क्षतिग्रस्त मार्गों, सुरक्षा दीवार आदि समस्याओं को सामने रखा। जिलाधिकारी ने पड़ितों को हर संभव मदद दिलाये जाने का भरोसा भी दिलाया। इस दौरान तमाम विभागों के आला अधिकारी उनके साथ मौजूद रहे।

### डेटॉल बीएसआई और विप्रो जीई हेल्थकेयर ने कोरोना से निपटने के लिए की साझेदारी

**संवाददाता** देहरादून। सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को बढ़ाने पर ध्यान देने के साथ, विप्रो जीई हेल्थकेयर इंडिया के साथ साझेदारी में आरबी द्वारा संचालित एक प्रमुख फ्लैगशिप कार्यक्रम 'डेटॉल बनाएगा स्वस्थ इंडिया' ने कोविड–19 के उग्र प्रसार के बीच फ्रंट लाइन स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। एकीकृत साझेदारी कार्यक्रम का उद्देश्य महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 250 से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों को प्लान इंडिया और जागरण पहल के जमीनी समर्थन से प्रशिक्षित करना है।

कोविड–19 के चलते भारत के कुछ सबसे कमजोर समुदायों को संकट के भीतर एक और संकट का सामना करना पड़ रहा है।



## मदन कौशिक ने की सॉलिड वेस्ट मैंनेजमेंट के सम्बन्ध में बैठक

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के शहरी विकास, आवास, राजीव गाँधी शहरी आवास, जनगणना, पुनर्गठन एवं निर्वाचन मंत्री मदन कौशिक ने विधान सभा स्थित सभागार में सॉलिड वेस्ट मैंनेजमेंट के सम्बन्ध में बैठक लेते हुए कहा कि स्थानीय निकाय कम्पोस्ट बनाने के लिए कृषि विभाग और उद्यान विभाग को सामाग्री बेचकर आय प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि 14 वें वित्त आयोग द्वारा प्राप्त धन का उपयोग सॉलिड वेस्ट मैंनेजमेंट में तब तक व्यय किया जायेगा जब तक 100 प्रतिशत डोर–टू–डोर कलेक्शन और 100 प्रतिशत सोर्स सेग्रीगेशन न कर लिया जाए। बैठक में कहा गया कि हरिद्वार में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की सहायता से बायोगैस प्लांट लगाया जाय एवं रूड़की में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट लगाया जाय तथा हल्द्वानी, काशीपुर, ऋषिकेश, रुद्रपुर और कोटद्वार में आगामी योजना के लिए कार्य योजना बनायी जाय। निर्देश देते हुए कहा गया कि कम्पोस्ट बनाने के लिए सभी नगर निकायों में आदर्श स्थिति की योजना बनाकर मॉनिटरिंग की जाये। एक माह बाद पुनः प्रगति कार्य की समीक्षा की जायेगी।

## नगर निगम प्रशासन तथा जिला आपदा प्रबंधन की पोल खुल गई

**संवाददाता** देहरादून। महानगर उत्तराखंड क्रान्ति दल देहरादून के महानगर अध्यक्ष सुनील ध्यानी की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें बीते रोज मध्य रात्रि व सुबह से हुई भारी बारिश के कारण देहरादून शहर बरसाती पानी से कई क्षेत्र लबालब भरा रहा। बहुत क्षैत्रों के पुस्ते टूटने जल भराव के कारण आमजन को नुकसान हुआ है और नगर निगम इस ओर पूरी तरह से फेल साबित हुआ है।

ध्यानी ने कहा कि नगर निगम प्रशासन तथा जिला आपदा प्रबंधन की पोल खुल गई है इन दोनों विभागों के कारण देहरादून में हल्की बारिश होने के कारण परेशानी उठानी पड़ती है। बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि जलभराव व पुश्ते टूटने के कारण जो आर्थिक क्षति हुई है, जिला प्रशासन मुआयजा प्रभावित परिवारों को दें।

उन्होंने साथ ही मांग की है कि नगर निगम देहरादून प्रशासन शहर की नालियों की सफाई, जलभराव सड़कों पर जल निकासी की व्यवस्था व आपदा प्रबंधन इस बात पर ध्यान दे जहाँ पर मकानों को क्षति पहुचाने वाले स्थानों को चिह्नित करें। बैठक में इस बात पर भो चर्चा की गई कि मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण विकास शुल्क लेता है लेकिन अभी तक बहुत से नगरीय क्षेत्रों में सड़कों व नालियों का निर्माण नही करवाया गया। उन्होंने कहा कि जलभराव का एक मुख्य कारण भी यही है। इस अवसर पर अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल थे।

# पिथौरागढ़ में मूसलाधार बारिश ने बरपाया कहर

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ व सीमांत की तहसीलों मुंसयारी,धारचूला,डीडीहाट में सोमवार देर रात्रि से शुरू हुई बारिश का कहर मंगलवार देर रात्रि तक जारी रहा। चीन सीमा को जोड़ने वाले तीनों सड़क मार्ग जगह जगह पर भारी मलबा आने से बंद हो गये। भारी बारिश के चलते सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सड़क तवाघाट,गर्बाधार ,लिपुलेख मार्ग पमरी तरह से बंद हो चुका है। बता दें कि सीमांत जनपद से लगी तहसीलों में जनजीवन घरों में ही कैद होने को मजबूर हो चुका है। भारी बारिश के चलते सीमांत में टनकपुर तवाघाट हाइवे

### जगह जगह सडकें हुई बंद

और थल मुसयारी मार्ग पिछले 72 घटों से पूरी तरह से बंद पड़ चुका है। तवाघाट लिपुलेख मार्ग में गस्कू के पास चटटान के खिसकने से यह मार्ग पूरी तरह से बंद हो चुका है। मुंसयारी के बांसबगड़ क्षेत्र में दो मकानों में दरार पड़ने के कारण घरों के लोग दहशत में आ चुके है। सीमांत में काली व गोरी नदी का जल स्तर काफी विकराल रूप ले चुका है।

जौलजीबी मदकोट मुंसयारी मार्ग बंद होने की वजह से छोरीबगड़ से लेकर कैथी बैड तक पूरी तरह से बंद हो चुका है। सीमांत में जरूरती आवश्यक वस्तुओं का अकाल पड़ने की संभावना नजर आ रही है।

सीमांत में अब तक बंद सडकें है टनकपुर तवाघाट तवाघाट गर्बाधार लिपुलेख तवाघाट सोबला तिदांग थल मुंसयारी तेजम सामा जौलजीबी मदकोट गिनी बैड समकोट बांसबगड धामीगांव मसूरीकांठा होकरा नाचनी बांसबगड गूटी पोडी गटकूचना छिरकिला जम्कू सोसा सिर्खा मदकोट फाफा बासबगड माणीधामी गांव मदकोट दारमा बंगापानी जाराजिबली स्याकुरी संगौड दशौली दाणू डीडीहाट पमस्यारी कालिका खुम्ती मार्ग बंद हो चुके है। जिले में जगह जगह हुई भारी बारिश के चलते पैदल चलने वाले राहगीरों को आवागमन करने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## टॉपर्स को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा

**संवाददाता** देहरादून। उत्तरांचल पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव घई के नेतृत्व में चेयरमैन यूथ एक्टिवटी डॉ. प्रेम कश्यप और प्रदेश संगठन मंत्री जीएस आनंद और प्रिन्सिपल जतिन सेठी पेस्टलवीड स्कूल ने निर्णय लिया गया कि सीबीएसई, आईसीएसई व उत्तराखंड बोर्ड के टॉपर्स को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। यहां जारी एक बयान में गढवाल प्रभारी जीएस आनंद ने बताया कि तीनों बोर्ड के राज्य के पहले 5 टॉपर्स को और 13 जिलों मे तीनों बोर्ड के टॉपर्स प्रथम, द्वितीय, तृतीय को आगामी 5 सितम्बर 2020 को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उपमा समय समय पर बच्चों की एजुकेशन, हरेला पर्व हो, राम जन्म भूमि के शिलान्यास हो, इसके साथ साथ कक्षा 1 से 12 तक पेंटिंग, एसए और स्पीच प्रतियोगिता हुई है। उन्होंने कहा कि यह सभी के सहयोग से कार्य संपन्न हो रहे हैं। उन्होंने कहा किं आनंद, बलदेव जयसवाल, अमरजीत सिंह कुकरेजा, डॉ. बबीता सोहता, रवि अरोरा, अरुण खरबंदा आदि शामिल रहे हैं।